मत कर चिंता पगले

मत कर चिंता पगले हालात सुधारेगा,
जिस दिन खाटूवाला तेरी ओर निहारेगा.....

जिसने खींची तेरे हाथों की रेखा है,
कल क्या होगा केवल उसने ही देखा है,
पल में तेरी बिगड़ी तक़दीर सँवारेगा,
जिस दिन खाटूवाला तेरी ओर निहारेगा......

तेरी मुश्किल हल होगी,नहीं आज तो कल होगी,
जो सेवा करी तूने,सेवा वो सफ़ल होगी,
आवाज़ लगाने से पहले ही पधारेगा,
जिस दिन खाटूवाला तेरी ओर निहारेगा......

जिस प्रेमी ने कर दी पतवार हवाले है,
नैया की फ़िक्र ही क्या,जब श्याम सम्भाले है,
तेरे इस जीवन को वो और निखारेगा,
जिस दिन खाटूवाला तेरी ओर निहारेगा....

जब श्याम जिताये तो फिर कौन हरायेगा,
"मोहित" होगा बाबा तो साथ निभायेगा,
उस दिन से जग में तू फिर कभी न हारेगा,
जिस दिन खाटूवाला तेरी ओर निहारेगा....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30629/title/mat-kar-chinta-pagle

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |